हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए


www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–179 : जौनपुर, मंगलवार 19 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने किया खादी महोत्सव का शुभारंभ : 30 अक्तूबर तक चलेगा आयोजन

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खादी महोत्सव एवं सिल्क एक्सपो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लाभार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना के चेक, ऋण स्वीकृति प्रमाण–पत्र, राज्यस्तरीय पुरस्कार व पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार का वितरण किया। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि खादी महोत्सव एवं सिल्क एक्सपो 30 अक्तूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने आयोजित प्रदर्शनी का जायजा लिया और चरखा भी चलाया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सिद्घार्थनाथ सिंह ने कहा कि खादी आजादी का सिंबल रहा है और अब फैशन का प्रतीक



भी बन गया है। हम घर–घर खादी ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।

## साफ–सफाई के लिए करेंगे जागरूक, क्षय रोगियों, फाइलेरिया डिफार्मिटी और कुपोषित बच्चों को चिह्नित करेंगे

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने टीबी चिकित्सालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान का मंगलवार (19 अक्टूबर) को शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में आज से 18 नवम्बर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आज से एक नवम्बर तक दस्तक अभियान भी चलेगा जिसमें आशा कार्यकर्ता लोगों की स्क्रीनिंग कर क्षय रोगियों, फाइलेरिया डिफार्मिटी और कुपोषित बच्चों को चिह्नित करेंगी। वेक्टर बार्न डिजीज के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ एसपी मिश्रा ने बताया कि संचारी रोग उन्मूलन अभियान उन माध्यमों को खत्म करने के लिए चलाया जाता है जो कि रोगों के वाहक होते हैं जैसे कि मलेरिया के वाहक डेंगू मच्छर, कालाजार के सैंडफ्लाई आदि का उन्मूलन करने के लिए साफ–सफाई और दवाओं का छिड़काव किया जाता है। वहीं दस्तक अभियान एक सर्वे जैसा अभियान है। इसमें आशा कार्यकर्ता आदि घर–घर जाकर लोगों को साफ–सफाई के लिए जागरूक करते हैं। यह देखने की कोशिश करते हैं कि कोई मरीज तो नहीं है। मरीज मिलने पर उसमें रोग पैदा होने के कारणों को जानने की कोशिश की जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर भ्रमण कर लोगों से चार बिंदुओं पर जानकारी लेंगी। इसके माध्यम से बुखार के मरीज, इंफ्यूएंजा की तरह सर्दी खांसी के मरीज, क्षय रोग संभावित लक्षणों वाले तथा कुपोषित रोगियों को चिह्नित करने का प्रयास करेंगी। घर घर भ्रमण के दौरान टीमें घरों के आसपास पानी को जमा न होने देने तथा साफ–सफाई के बारे में भी लोगों को जागरूक करेंगी। संचारी रोग उन्मूलन अभियान के तहत शिक्षा विभाग वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से



बच्चों का संवेदीकरण करेगा। ग्राम विकास विभाग ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रभात फेरी निकालेगा। ग्राम स्तरीय बैठकों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता तथा रोगों के कारण नष्ट करने के लिए जागरूक किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की सफाई की जाएगी। साथ ही झाड़ियों की कटाई की जाएगी। इंडिया मार्क हैंडपंप–2 की मरम्मत होगी। वार्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। पशुधन विकास विभाग सुअरपालकों को संवेदीकृत करेगा। कृंतक चूहों की रोकथाम के लिए कृषि विभाग समूहों के माध्यम से ग्रामीणों को संवेदीकृत करेगा। उद्यान विभाग मच्छररोधी पौधे लगाएगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग अति कुपोषित बच्चों को पोषण संवर्धन के लिए उन्हें संदर्भित करेगा। रैली में सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ), जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीपी सिंह, टीबी चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके गिरी, डॉ अतुल श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सलिल यादव, सीडीपीओ नगर क्षेत्र मनोज कुमार के साथ ही सभी नगरीय मुख्य सेविकाएं, समस्त नगरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नगरपालिका के सभी सफाई पर्यवेक्षकों और कर्मियों ने भाग लिया।

## छात्र छात्राएं निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने हेतु समाज को करेंगे जागरूक

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू बालोउद्यान इन्टर कालेज में निर्वाचक साक्षरता क्लब के गठन पश्चात विद्यार्थियों एवं कैम्पस अम्बेसडर को चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे ये छात्र छात्राएं अपने परिवार, आस–पास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को वोटर बनने हेतु तथा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझा सकें। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वोटर लिस्ट में सभी अर्ह वोटरों का पंजीकरण सुनिश्चत किए जाने और मतदान के प्रति मतदाताओं खासतौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं को जागरूक करने के बारे में चर्चा किया। आगे मुस्तफा ने निर्वाचन साक्षरता क्लब में शामिल विद्यार्थी को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष उम्र पूरा करने वालों को प्रेरित कर उनसे फार्म 6 भरवाने के साथ अपने गांव व शहर के लोगों को मतदाता बनने के लिये प्रेरित करना होगा साथ ही मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर जाकर मतदान




करने के लिये भी प्रेरित करना होगा। उन्होंने एन.वी.एस.पी., वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताया कि इस ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं, तथा इस ऐप के माध्यम से वोटर बनने हेतु आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। नेहरू बालोद्यान के प्रबन्धक डा सी डी सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो और उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो। इस अवसर पर नेहरू बालोउद्यान हुसैनाबाद की प्रधानाचार्याध्नोडल डा चन्द्रलेखा सिंह, नेहरू बालोद्यान कन्हईपुर की प्रधानाचार्या/नोडल प्रियंका सिंह, कई कैम्पस अम्बेसडर सहित निर्वाचन साक्षरता क्लब के सैकड़ों सदस्य/छात्र छात्राएं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उपस्थित रहे।

## 111 बार सूर्य–नमस्कार करनें के साथ अमृत महोत्सव की शूरु हुई तैयारियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : योग गुरु बाबा रामदेव की प्रेरणा से अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक साथ पूरे देश में पचहत्तर करोड़ बार सूर्य–नमस्कार को करनें के लिए पतंजलि योग परिवार के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण शुरू हुआ। पतंजलि योग समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी अचल हरीमूर्ति के दिशा–निर्देशन में भारत स्वाभिमान लीगल सेल के कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता हरीनाथ यादव के नेतृत्व में मियांपुर स्थित योगस्थली में साधकों के द्वारा 111बार सूर्य–नमस्कार को करके प्रशिक्षण का औपचारिक शुभारंभ किया गया। श्री हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया है की योग हमारी प्राचीनतम सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जिसे पूरी प्रमाणिकता के साथ योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व में पूरी दुनियां के कोने–कोने तक पहुंचाया जा रहा है और विगत कुछ वर्षों में पूरी दुनियां नें इस बात को स्वीकार किया है की योग एक उच्चतम कोटि की साधना पद्धति के साथ उच्चतम कोटि की चिकित्सा पद्धति भी है जिसके नियमित और निरन्तर अभ्यासों से व्यक्ति स्वयं को विभिन्न विमारियों से बचाते हुए अपनें को सदैव स्वस्थ रख सकता है।श्री हरीमूर्ति नें बताया की सूर्य–नमस्कार अलग–अलग ढंग के आसनों का ऐसा समूह है जिसके अभ्यास से शरीर के सभी तन्त्रों पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव



पड़ता है और जब इन्टिग्रेटेड योगाभ्यास के तहत सूर्य–नमस्कार के साथ प्राणायामों का लम्बे समय तक अभ्यास किया जाता है तो पूरे शरीर में प्राणवायु के साथ रक्त का प्रवाह बहुत ही सुगमतापूर्वक होनें लगता है जिसके परिणामस्वरूप शरीर के विभिन्न हिस्सों में बन रहे ब्लाकेज की समस्याओं का भी निदान होता है। जनपद के प्रत्येक ब्लाकों में 100 से अधिक ऐसे प्रशिक्षकों को तैयार किया जा रहा है जो सभी सरकारी,गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ हर विभाग तक सूर्य–नमस्कार का प्रशिक्षण दे सकें। इस मौके पर लीगल सेल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता जसवंत कुमार, राजीव सिन्हा, हंसराज चौधरी,नवीन द्विवेदी,सुरेशचंद्र यादव, रामसपथ,पंकज कुमार,अजय कुमार,मयंक सहित अन्य साधक उपस्थित रहे।

## तिनकोनिया नंबर 3 में डीएम ने लगाई चौपाल : समस्याओं का किया निराकरण

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद आम जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का कार्य चौपाल के द्वारा किया जा रहा डीएम विजय किरन आनंद प्रत्येक दिन जनपद के किसी ने किसी ग्राम सभा में समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ पहुंचकर जनता की समस्याओं से अवगत होकर उनके समस्याओं का समाधान करने का कार्य करते हैं आज सोमवार को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद तिनकोनिया नंबर 3 में चौपाल लगाकर समस्याओं से अवगत होकर उनके समस्याओं का निराकरण तत्काल करने का कार्य किया तिनकोनिया नंबर 3 कभी राजस्व ग्राम सभा में सम्मिलित नहीं था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री होने के बाद ही वनटांगिया गांव को राजस्व गांव में सम्मिलित कर मूल भूत सुविधा देने का कार्य मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। तिनकोनिया नंबर 3 में हर परिवार के सदस्यों को राशन कार्ड सहित प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जैसे पक्का मकान शौचालय 2017 से पहले तिनकोनिया नंबर 3 में किसी के पास पक्का मकान नहीं था लेकिन अब तिनकोनिया नंबर 3 में सभी के पास पक्का मकान व शौचालय राशन कार्ड उपलब्ध है ग्रामीण वासियों की पानी निकासी के लिए पक्के नाले बनाए गए हैं गांव तक पहुंचने के लिए बेहतर खड़ंजे के रोड ग्रामीणों के लिए उपलब्ध 60 वर्ष उम्र पूर्ण कर चुके महिला व पुरुष को वृद्धा पेंशन उपलब्ध कराया गया है जिन ग्रामीणों के वृद्धा पेंशन व अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं उनके लिए तत्काल मूलभूत सुविधाएं देने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तिनकोनिया नंबर 3 में बच्चों के शिक्षा दीक्षा के लिए प्राइमरी विद्यालय में योग्य शिक्षकों द्वारा पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को ड्रेस उपलब्ध कराए गए हैं जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपावली के 1 दिन पहले पहुंचकर दीपावली खेलने का कार्य करते हैं। तथा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया चौपाल के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुलदीप मीना पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह जिला विकास अधिकारी प्रेमचंद यादव तहसीलदार सदर लालजी विश्वकर्मा तहसीलदार न्यायिक सुनीता गुप्ता सहित संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कोटेदार ग्राम वासियों को समय से दे राशन –डीएम

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन की अध्यक्षता में जिला पूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम सभाओं में कोटेदार नियुक्त नहीं किए गए हैं उन ग्राम सभाओं में अभिलंब कोटेदार नियुक्त किया जाए जिससे ग्राम वासियों को अपने अपने राशन कार्ड पर अपने ही गांव पर राशन ले सके ग्रामीण किसी भी ग्रामवासी को दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसका पूरा ध्यान रखा जाए जिन ग्राम सभाओं में कोटेदारों की शिकायत अत्यधिक आए उनकी जांच अपने स्तर से जिला पूर्ति अधिकारी स्वयं करें या कराएं जिससे आगे चलकर किसी तरह की ग्राम सभा में विवाद की स्थिति ना रह जाए। डीएम ने कहा कि सरकार की ओर से सरकारी स्कूल में सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया जाता है, ताकि स्कूल में बच्चे रोजाना आयें और उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता रहे इसकी के लिए सरकार ने मिड डे मील योजना की शुरुआत की है इस योजना के तहत सरकार बच्चों को शिक्षा के साथ ही स्वास्थ और पोषित बनाना चाहती है। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि वे इस योजना के तहत छात्रों को प्रत्यक्ष रूप से भी लाभ पहुँचाना चाहती है। बैठक में प्रमुख रूप से एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुलदीप मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित महाजन जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह बीएसए रमेन्द्र कुमार सिंह एसडीएम सहजनवा सुरेश राय एचडीएम खजनी पवन कुमार एसडीएम बांसगांव दुर्गेश मिश्रा एसडीएम गोला विनय पांडेय एसडीएम कैंपियरगंज पंकज दीक्षित एआरओ अरविंद राय सदर तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा सहित जिला पूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारी व निरीक्षकगण मौजूद रहे।

## गोरखपुर : चौरी चौरा कांड नहीं संग्राम है

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर चौरीचौरा कांड 1922 पर आधारित क्रांतिकारी फिल्म चौरीचौरा कांड शब्द से हटाकर संग्राम शब्द से जुड़ने की तैयारी है चौरीचौरा जनाक्रोश के शताब्दी वर्ष पर चौरीचौरा प्रतिकार 1922 फिल्म के जरिए जनमानस को चौरीचौरा जनाक्रोश सही तत्वों से अवगत कराया जाएगा इसकी शूटिंग इस समय गोला क्षेत्र में चल रहा है और इस फिल्म की शूटिंग 5 दिनों तक गोला क्षेत्र में ही चलेगा इस फिल्म के मुख्य भूमिका में सदर सांसद फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला और अब्दुल्ला के किरदार में उरूवा क्षेत्र के आशीष गहलोत हैं यह फिल्म गोरखपुर के अलग–अलग स्थानों पर सूट होगा इसमें उत्तर प्रदेश के कलाकार और कुछ मुंबई के कलाकारों को लेकर यह फिल्म बनाया जा रहा है इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता रवि शंकर खरे हैं सरायु फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन






रही निदेशक अभिक भानु , डीओपी मनोज गुप्ता है।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## नवागत उपजिलाधिकारी विनय पाण्डेय को पुष्प गुच्छ देकर किया गया स्वागत

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : गोला तहसिल मुख्यालय के नवागत उपजिलाधिकारी (एस डी एम) श्री विनय पाण्डेय जी को कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन दिनांक 18/10/2021 को युवा समाज सेवी व शिवा पॉवर सोल्यूशन गोरखपुर के निदेशक तथा गोरखपुर जोन टाटा



मोटर्स लिमिटेड (टाटा मोटर्स डिजल जनरेटर) के अधिकृत विक्रेता श्री सूर्यनाम्बुज दूबे जी अपने समर्थको धर्मेन्द्र राम त्रिपाठी, प्रेम कुमार दूबे, अखिलेश मणि त्रिपाठी व सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे मित्रवत भाई सूरज तिवारी, मुकेश सिंह, के साथ मा० जिलाधिकारी परिसर कार्यलय गोरखपुर में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुऐ । अतः श्रीमान जी को गोला उपजिलाधिकारी के रूप में कार्य भार ग्रहण करने के लिये बहुत बहुत बधाई तथा क्षेत्र में शासनिक व प्रशासनिक मामलों में पारदर्शिता रखते हुए, पीड़ितों की मदद, दोषियों के खिलाफ प्रशासन के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलाने व भय मुक्त शासन व्यवस्था कायम रखनें के लिये अग्रिम शुभकामना।

## युवकों के कौशल को विकसित करने के लिए बनाया जाए हुनरमंद– डीएम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक कर कहा कि कौशल विकास मिशन की गतिविधियों को प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए, इससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडने के साथ ही उनमें कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाये जाये जिससे वे स्वालम्बन की दिशा में आगे बढ सके। इस महत्वाकांक्षी कार्य में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता कदापि न बरतें अन्यथा इसको गंभीरता से लेते हुए कडी कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने प्रगतियों पर सुधार लाए जाने की जरुरत है। उन्होने प्रशिक्षण प्रदाता को न्यूनतम एक एक प्रशिक्षण केन्द्र अनिवार्य रुप से खोले जाने एवं उसका भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए हुनरमंद युवाओं को प्रशिक्षित कर योग्य बनाया जाए जिससे वह हुनरमंद युवक अन्य लोगों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार कर सके। बैठक में संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 28 अक्टूबर को क्रेडिट आउटरीच कैम्प

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में सरकार द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में दिए जाने वाले रोजगार परक ऋण योजनाओं में आवंटित लक्ष्य को शत प्रतिशत शासकीय ऋण योजनाओं के प्रचार–प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किए जाने हेतु एनेक्सी सभागार में 28 अक्टूबर को क्रेडिट आउटरीच कैम्प आयोजित कर बैंकों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को ऋण देकर लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा बैठक में लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य संबंधित सहयोगी बैंकों के अधिकारियों से जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कृषि ऋण प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह प्रधानमंत्री मुद्रा प्रधानमंत्री स्ट्रिक्ट वैंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत लाभ लेने वाले हर व्यक्तियों को सभी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूर्ण कर लाभान्वित करने का कार्य बैंक करें ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को किसी भी तरह बैंक कर्मचारी परेशान ना करें अगर परेशान करने की सूचना हमारे कार्यालय तक पहुंचती है तो उन बैंकों के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने संबंधित को निर्देश दिए कि बैंकों में लंबित सभी आवेदनों की सूची अग्रणी बैंक को उपलब्ध करा दिए जाएं। लंबित आवेदनों को जल्द ही कार्यक्रम से पहले मंजूर कर दिए जाएं। कार्यक्रम में सरकार द्वारा प्रायोजित सभी ऋण योजनाओं तथा बैंकों की योजनाओं में स्वीकृति पत्र–चेक लाभार्थियों को वितरण किए जाएंगे। ऋण वितरण के संबंध में जनपद में समस्त बैंकों को लक्ष्य भी प्रेषित कर दिए गए है। सभी बैंकों को शत–प्रतिशत अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है इसमें किसी भी बैंक की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित सभी विभागों के संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# नतीजे से ज्यादा निहितार्थ अहम

यूपी विधानसभा उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा की जीत और सपा की हार से ज्यादा इस नतीजे के निहितार्थ को समझने की जरूरत है। विधानसभा चुनाव को अब जब पांच माह से भी कम वक्त बचा है, तब इस चुनाव को कराना अपने आप में कई सियासी संदेश व संकेत दे रहा है। इसमें उम्मीदवारों के चेहरों के सहारे चुनावी चौसर पर सियासी दलों ने जातियों को साधने और विरोधी को घेरने की रणनीति बनाने की कोशिश की है। साथ ही इस चुनाव के सहारे पक्ष व विपक्ष की वर्ष 2022 की चुनावी बिसात पर अपनी–अपनी गोटें आगे बढ़ाने और बचाने के साथ साख को बचाने की चिंता भी दिख रही है।

जहां तक जीत और हार का सवाल है तो विधानसभा सदन में विधायकों की दलीय संख्या देखते हुए शायद ही किसी को भाजपा की जीत पर शंका रही हो। रही बात क्रॉस वोटिंग की तो भाजपा समर्थित और सपा समर्थित उम्मीदवार के बीच में वोट का अंतर इतना ज्यादा था, जिसके मद्देनजर वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में इतने बड़े पैमाने पर क्रॉस वोटिंग की संभावना कम ही थी। अगर हुई भी है तो वह इतनी बड़ी नहीं है, जिससे राजनीतिक समीकरणों में बड़ा उलटफेर दिख रहा हो।

इस चुनाव में भाजपा के पास अपने विधायकों के साथ सहयोगी और बसपा, रालोद, कांग्रेस व निर्दल समर्थक विधायकों के वोटों का आंकड़ा 316 था। शेष की संख्या 100 के अंदर। एक मनोनीत सदस्य सहित 404 सदस्यीय विधानसभा सदन में सात रिक्त स्थानों के बाद 397 विधायकों में 368 के ही मतदान में शामिल होने और इसमें भी वैध निकले 364 मतों में भाजपा समर्थित नितिन अग्रवाल को अनुमानित 316 से कम 304 ही मत मिलना कुछ इशारा तो करता है। पर, यह भाजपा के अभी सब पर भारी होने का संदेश पूर्ववत कायम नजर आ रहा है।

सपा को मिले 60 वोटों की संख्या थोड़ा ही सही, लेकिन उसका हौसला बढ़ाएगी। वह इसे आधार बनाकर पार्टी में बिखराव न होने का दावा कर सकेगी। पर, यहां आज पड़े वोट और पार्टियों को मिले मतों की गणित से ज्यादा इसके गुणाभाग से 2022 के चुनाव के लिए निकल रहे राजनीतिक फलितार्थ को समझने और मतदान से दूर रहे विधायकों व दलों की मंशा समझना ज्यादा दिलचस्प दिख रहा है।

भाजपा का वैश्यों को साधने के साथ समीकरणों पर ध्यान

पहले बात परिणामों की तो नतीजों से भाजपा और सपा दोनों की मंशा पूरी होती दिख रही है। भाजपा ने प्रदेश की सियासत के चर्चित किरदारों में शुमार पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल के पुत्र व सपा के बागी नितिन अग्रवाल को विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित कराकर एक तरह से केंद्र और प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में उत्तर प्रदेश के वैश्यों में से किसी को जगह न मिल पाने की भरपाई करने का संदेश दिया है। हालांकि दोनों जगह मंत्रिमंडल में पहले से वैश्यों का प्रतिनिधित्व है, लेकिन विस्तार में जगह न मिलने से भाजपा को लग रहा था कि कहीं विपक्ष इसको लेकर सवाल न खड़ा करने लगे।

नितिन को उपाध्यक्ष बनाकर भाजपा ने वैश्यों को पूरा सम्मान देने के साथ अपने दलों को छोड़कर साथ आने वालों का ख्याल और समायोजन की चिंता का संदेश देने के साथ विकल्प तलाश रहे नेताओं को मूक आमंत्रण भी दिया है। कहा जा सकता है कि भाजपा के साथ बसपा के अनिल सिंह, कांग्रेस के राकेश सिंह व अदिति सिंह और रालोद व निर्दलीय भी हैं, फिर नितिन को ही क्यों?

इसका उत्तर सिर्फ इसी से मिल जाता है कि सदन में संख्या के लिहाज से भाजपा के बाद सपा ही आती है। फिर नितिन के सहारे भाजपा वैश्यों को संदेश देने के साथ यह भी कहने की स्थिति में आ गई कि उसने मुख्य विपक्षी दल को यह पद दिया। साथ ही सिर पर खड़े विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नरेश जैसे सियासी शख्स के संभावित कदमों से भाजपा की साख पर पड़ने वाले असर को भी टाल लिया है। यही नहीं, ऐसा करके भाजपा ने विपक्ष में बिखराव का भी राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है।

हार में छिपी सपा की भविष्य की तैयारी

राजनीतिक विश्लेषक प्रो. एपी तिवारी बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री और समाजवादी नेता स्व. चंद्रशेखर अकसर कहते थे कभी–कभी हारकर भी भविष्य में जीत और जनाधार बढ़ाने के समीकरण तलाशे जाते हैं। सपा हार जरूर गई है, लेकिन उसने इस चुनाव के जरिए पिछड़ों के वोट के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की बिसात बिछाने की पूरी कोशिश की है। साथ ही नितिन और नरेश का सपा से कोई वास्ता न होने का संदेश भी देने का प्रयास किया है। प्रो. तिवारी की बात सही है।

मौजूदा परिस्थितियों पर नजर दौड़ाएं तो सपा के लिए ऐसा जरूरी भी हो गया था। सपा के बागी नितिन के भाजपा के समर्थन से उम्मीदवार बनने के बाद भी अखिलेश मुकाबले में किसी को न उतारते तो नकारात्मक संदेश जाता। लोग मानते कि नरेश अग्रवाल के साथ सपा की नरमी में कुछ न कुछ तो जरूर है। यह भी संदेश निकलता कि शायद सपा भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। इसलिए बचना चाह रही है। जाहिर है कि इसका सपा को राजनीतिक नुकसान ज्यादा होता। चुनाव लड़कर और अपने विधायकों की संख्या से ज्यादा वोट अपने उम्मीदवार को दिलाकर सपा ने यह कहने का आधार तो तलाश ही लिया कि भाजपा का मुकाबला वही कर सकती है।

पार्टी में कोई बिखराव नहीं है। उल्टे दूसरी पार्टी के लोग उससे जुड़ रहे हैं। सपा ने इस चुनाव में भाजपा के समर्थन से मैदान में उतरे वैश्य उम्मीदवार नितिन के मुकाबले अपना कुर्मी प्रत्याशी दिया। जाहिर है कि अखिलेश ने इस चुनाव के जरिये गैर यादव पिछड़ों को भी सपा में महत्व देने के साथ सियासी बिसात पर भाजपा को उसी के कोर वोट कुर्मियों के बीच घेरने के मोहरे बैठाने की कोशिश की है। आज बिछाई गई बिसात के दांवपेंच की झलक आने वाले दिनों में सियासी मंचों से दिखेगी।

कांग्रेस व बसपा का बिखराव पर बचाव

कांग्रेस और बसपा ने इस चुनाव में मतदान से दूर रहकर एक तरह से चुनावी दहलीज पर खड़े प्रदेश में अपने बिखराव की यादें ताजा होने से रोकने की कोशिश की है। दोनों पार्टियों के नेताओं को यह हकीकत मालूम ही थी कि उनके पास इतने विधायक नहीं है, जिनके आधार पर वे इस चुनाव में कोई निर्णायक भूमिका निभा सकें।

उल्टे यह खतरा जरूर था कि पार्टी से रिश्ता तोड़ चुके विधायकों के अलावा एक–दो अन्य ने भी कहीं इस मौके पर पाला बदल लिया तो चुनावी माहौल बनाने की कोशिशों पर पानी फिर सकता है। इसलिए दोनों दलों ने फिलहाल अपनी मुट्ठी को खोलने के बजाय बंद रखना ही मुनासिब समझा।

रही बात अन्य कुछ विधायकों के मतदान से गैरहाजिर रहने की तो यह भी काफी महत्वपूर्ण है। संकेत साफ है कि प्रदेश में अभी कुछ विधायक सियासी हवा का रुख भांप रहे हैं। जो आने वाले दिनों में पाला बदल के रूप में सामने आएगा। इसलिए इन लोगों ने आज मतदान से गैरहाजिर रहकर नई विधानसभा में अपनी हाजिरी सुनिश्चित करने के समीकरणों पर काम करने का विकल्प बचाए रखने की कोशिश की है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## धूम धाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

खुटहन, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मदरसा गुल्शने अशरफिया,चन्दौली में पूरे निष्ठा के साथ मदरसे के प्रबन्धक रिजवान खान (बाबू भाई) की अध्यक्षता में निकला जुलूसे मोहम्मदी (सल अल्लाहो अलैहे वसल्लम) मदरसा प्रबन्धक रिजवान खान ने आम जान को मुबारकबाद देते हुवे कहा कि मक्का शहर में 571 ईसवी को पैगम्बर साहब हजरत मुहम्मद सल्ल. का जन्म हुआ था। इसी की याद में ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता है। हजरत मुहम्मद सल्ल. ने ही इस्लाम धर्म की स्थ्थापना की है। आप हजरत सल्ल. इस्लाम के आखिरी नबी हैं, आपके बाद अब कायामत तक कोई नबी नहीं आने वाला। गाँव के प्रधान जहाँगीर खान ने कहा मक्का की पहाड़ी की गुफा, जिसे गार–ए–हिरा कहते हैं नबी आखरूज्जमा सल्ल. को वहीं पर अल्लाह ने फरिश्तों के सरदार जिब्राइल अलै. के मार्फत पवित्र संदेश (वही) सुनाया। इस्लाम से पहले पूरा अरब सामाजिक और धार्मिक बिगाड़ का शिकार था। लोग तरह–तरह के बूतों की पूजा करते थे। असंख्य कबीले थे, जिनके अलग–अलग नियम और कानून थे। कमजोर और गरीबों पर जुल्म होते थे और औरतों का जीवन सुरक्षित नहीं था। कर्मचारी नेता शम्स तबरेज



खान ने बताया कि आप सल्ल. ने लोगों को एक ईश्वरवाद की शिक्षा दी। अल्लाह की प्रार्थना पर बल दिया, लोगों को पाक–साफ रहने के नियम बताए साथ ही आपने लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए भी इस्लामिक तरीके लोगों तक पहुंचाए। आपने अल्लाह के पवित्र संदेश को लोगों को तक पहुंचाया। उक्त अवसर पे ग्राम प्रधान जहाँगीर खान साहब के एलावा अब्दुल अहद खान, मोबीन खान, अनीस खान, नफीस खान, कय्यूम खान (लाला) शफीक खान, हाजी लाल मोहम्मद खान, एकरामुद्दीन खान, शाहिद खान, साजिद खान, इमरान खान, अशफाक खान आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दोषी पर कार्यवाही के साथ पीड़ित व्यक्ति को अल्प अवधि में आर्थिक मदद प्रदान की जाती हैः– अध्यक्ष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद भ्रमण के दौरान उ0प्र0 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डा0 रामबाबू हरित ने स्थानीय पी0डब्लू0 गेस्ट हाउस में अनुसूचित के पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तत्काल करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कि किसी भी जनपद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पीड़ित के व्यक्तियों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान आयोग द्वारा नियमानुसार जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्यवाही करने के साथ पीड़ित व्यक्ति को सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायकता भी प्रदान की जाती है। उन्होने कहा अनुसूचित एवं जनजाति के व्यक्तियों का उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की



जायेगी और अल्प अवधि में आयोग द्वारा आर्थिक मदद प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट दीक्षा जैन, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सी0ओ0 सिटी विकास जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## बद्रीनाथ से चार धाम यात्रा पर निकले युवा भक्त का सम्मान

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. बद्रीनाथ धाम से चार धाम यात्रा पर साइकिल से निकले कुबेर भगवान के पुजारी सोमेश पवार का हनुमत कृपा पत्रिका परिवार व हनुमत कृपा मीडिया यूट्यूब चौनल की टीम ने माला पहनाकर अंग वस्त्र व हनुमान सेतु मंदिर का प्रसाद देकर सम्मानित किया. पत्रिका परिवार के भक्तजनों ने चिन्मय मिशन से जुड़े पूज्य ब्रह्मचारी कौशिक चौतन्य को माला पहनाकर हनुमत कृपा पत्रिका भेंट की.बीते एक अक्टूबर को बद्रीनाथ धाम से द्वारिका, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम् व केदारनाथ तक करीब आठ हजार किमी. की साइकिल से तीर्थयात्रा करने निकले युवा भक्त सोमेश पवार के लखनऊ पहुंचने पर महानगर स्थित चिन्मय मिशन कार्यालय में हनुमत कृपा पत्रिका परिवार द्वारा स्वागत सम्मान किया गया. सतोपंथ कन्याकुमारी अमृतयात्रा पर निकले बद्रीनाथ धाम में कुबेर भगवान के पुजारी सोमेश पवार का कहना है कि श्री आदिगुरु शंकराचार्य जी की प्रेरणा से अखण्ड भारत को एक सूत्र में बाँधने के उद्देश्य से साइकिल से शुरू की गयी तीर्थ यात्रा में सतोपंथ सरोवर के दिव्य जल को चारो धाम ले जाकर कन्या कुमारी के विशाल समुद्र में प्रवाहित कर




दिया जाएगा. हनुमत कृपा मीडिया यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में युवा भक्त सोमेश का कहना है कि सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए जन जागरण अभियान बहुत जरूरी है. देश की एकता और अखण्डता सर्वोपरि है.साइकिल से तीन महीने की तीर्थ यात्रा पर निकले बद्रीनाथ धाम के भक्त सोमेश पवार का स्वागत करने वालों में सर्वश्री रमेश मेहता व उनकी पत्नी, हनुमत कृपा पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित, हनुमत कृपा मीडिया यूट्यूब चौनल के संपादक पं. अनुराग मिश्र, हनुमान सेतु मंदिर के पुजारी श्याम पाण्डेय, हनुमान भक्त प्रमोद शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अरविन्द पाण्डेय व रमेश शर्मा आदि भक्त प्रमुख रहे।

## रबीउल अव्वल के मौके पर शाही ईदगाह में हुआ जलसा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर के शाही ईद गाह में ईदगाह कमेटी की तरफ से एक जलसा का आयोजन 12 रबी उल अव्वल के मौके पर किया गया, जिस को खिताब करते हुए शेर मस्जिद के इमाम कारी जिया ने बताया कि हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि सल्लम का जन्म 12 रबी उल अव्वल इस्लामी महीने के अनुसार 29 अगस्त 570 ईसवी में अरब के मक्का शहर में हुआ था ,पैगंबरों के सिलसिले में यह इस्लाम के आखरी पैगंबर थे जिस तरीके से आदम से लेकर मूसा अ स इब्राहिमअ स ने एक ईश्वर वाद की बात कही उसी तरह से यह भी उसी एक ईश्वरवाद के संदेशवाहक थे इन्होंने अरब में इस्लाम का फिर से प्रचार किया और उसको पुनर्जीवित किया।इनके आने से पहले अरब में ही नहीं अपितु पूरे जगत में बहुत सी बुराइयां व्याप्त थी, लोग एक ईश्वर को छोड़कर मूर्तिपूजक हो गए थे और कई ईश्वर को मानने लगे थे इसके साथ ही शराब पीना आम हो गया था, लड़कियों को पैदा होते ही जिंदा दफन कर दिया जाता था ,इस तरीके से समाज में बहुत ही ज्यादा कई बुराइयां व्याप्त हो चुकी थी उन बुराइयों के खिलाफ उन्होंने एक आंदोलन चलाया और समाज में एक समाज सुधारक के रूप में कार्य किया ,आज पूरी दुनिया में लोग उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं, उनके ऊपर इस्लाम का आखरी ग्रंथ कुरान शरीफ अवतरित हुआ । 62 वर्ष की अवस्था में इस्लामी 12 रबी उल अव्वल के दिन ही,



8 जून 632 ईसवी को हजरत मोहम्मद का मदीना में निर्वाण हुआ। इस मौके पर अजीम जौनपुरी ने नाते रसूल पेश की जलसे की सदारत मिर्जा दावर बेग ने की व संचालन नेयाज ताहिर शेखू ने किया। आयोजन कर्ता में मुख्य रूप से मो शोएब अच्छू खा, रियाजुल हक,दिलदार अहमद,साहेबे आलम, हफीज शाह,रसीद , उबेद अंसारी,राजा,आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक सवार छात्र की मौत, दो साथी घायल

लखनऊ ब्यूरो : हसनगंज थाना क्षेत्र में डालीगंज क्रॉसिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार विधि के छात्र की मौत हो गई जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। मूल रूप से सीतापुर के मछरेहटा का रहने वाला राहुल (24) मड़ियांव के प्रीतिनगर में रहकर एलएलबी अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। रविवार रात वह अपने दोस्त रोहित व विवेक संग बाइक से घूमने निकला था। लौटते वक्त डालीगंज क्रॉसिंग के पास अज्ञात वाहन राहुल की बाइक में जोरदार टक्कर मारकर भाग गया। इससे तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि रोहित व विवेक का इलाज चल रहा है। राहुल की मौत से उसके पिता व मछरेहटा के सरकारी स्कूल में शिक्षक संतराम और मां विंध्येश्वरी देवी का रो–रोकर बुरा हाल है।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में हड़ताल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शाहजहांपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हुई निर्मम हत्या को लेकर जिले के अधिवक्ताओं में आक्रोश,अधिवक्ता संघ ने कल शाहजहांपुर में अधिवक्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह की कोर्ट परिसर में हुई हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया फैसला, बार अध्यक्ष संजय सिंह एवं महासचिव हेमंत कुमार मिश्र ने जनपद न्यायाधीश एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को सम्बोधित प्रस्ताव जारी कर न्यायिक कार्य से विरत रहने की दी सूचना, आज दिन भर बार प्रभावित रहेगा कामकाज, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य–सचिव प्रशांत सिंह अटल ने भी 20 अक्टूबर के लिए मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद,सरकारी नौकरी एवं अधिवक्ताओं के साथ आये दिन हो रही घटनाओं के दृष्टिगत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत अन्य आवश्यक मुद्दों को लेकर प्रदेश भर में न्यायिक कार्य से विरत रहने की जारी की है सूचना।

## पारा चौराहे पर मनाया गया जशने आमदे रसूल कॉन्फ्रेंस

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय क्षेत्र के पारा चौराहे पर एक आलीशान जलसा 12 रबी उल अव्वल की खुशी में सरकार की आमद कान्फ्रेंस रचाया गया। जिसमें खतीबे हिंदुस्तान हजरत अल्लामा मौलाना प्रेंसपल जामे अरबिया सुल्तानपुर ने शिरकत की। और साथ में कई शायरे इस्लाम भी रौनके स्टेज थे। शायरे इस्लाम ने भी नबी ए पाक मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैह वसल्लम की शान में कई कलाम पढ़। और वहां पर मौजूद लोगों के दिलो को मुनव्वर भी किया। हजरत अल्लामा मौलाना मो0 अहमद वारसी ने सरकार मोहम्मद सल्ला वसल्लम की विलादत पर नबी की सीरत को बयान किया। हजरत ने कहा सरकार दो आलम मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम दोनों आलम के दूल्हा है पूरी कायनात के रहमतुललिलआलमीन है सरकार दुनिया में सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि सभी धर्मो व जिन्नात व चरिंद परिंद सबके लिए रहमत है इसीलिए अल्लाह ताला ने उन्हें रहमत बनाकर दुनिया मे भेजा। 12 रबी



उल अव्वल शरीफ की सुबह सादिक को आप सल्ला सल्लम का दुनिया में तशरीफ लाना हुआ जिसकी खुशियां पूरी दुनिया में सभी लोग जश्ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी व जुलूस ए मोहम्मदी निकालकर मनाते हैं और सरकार से मोहब्बत व अकीदतो को पेश करते हैं इस प्रोग्राम संचालन जमीर अंसारी के साथ कमेटी के सारे सदस्य अफजाल अहमद,नादिर अहमद,बेचू हाशमी,तुफैल अहमद उर्फ कुन्नू, मोहम्मद राजू, जलील अहमद, गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, फरहान सिद्दीकी उर्फ पप्पू, सीबू,राजू,शमीम अहमद, बाबा कमाल, हाजी जाहिद,पत्रकार आबाद अहमद, गुलाम नबी के साथ और कई कमेटी के सदस्य हिस्सा लेते हैं।

## शरद पूर्णिमा और रत्नाकर से महर्षि बनने की यात्रा करने वाले महापुरूष वाल्मीकिः मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व संवाद केन्द्र के मृत्युंजय दीक्षित के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा का दिन शरद पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहते हैं । ज्योतिष के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। हिंदू धर्म में लोग इस पर्व को कौमुदी व्रत भी कहते हैं। इसी दिन श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था । पूर्ण चंद्रमा अमृत का स्रोत है अतः माना जाता है कि इस रात्रि को चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है। इस पूर्णिमा को आरोग्य हेतु फलदायक माना जाता हे। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खीर बनाकर चांदनी में रखकर उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा भोजन में समाहित हो जाती है जिसका सेवन करने से सभी प्रकार की बीमरियां दूर हो जाती हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी इसकी चांदनी के औषधीय महत्व का वर्णन मिलता हे, खीर को शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखकर अगले दिन इसका सेवन करने से असाध्य रोगों से मुक्ति प्रापत होती है। शोध के अनुसार खीर चांदी के पात्र में बनानी चाहिये । चांदी में प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। हल्दी का उपयोग निषिद्ध है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा की चन्द्र किरणों का स्नान करना चाहिये। रोगियों के लिये शरद पूर्णिमा की रात वरदान है स्वरुप होती है, एक अध्यन के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है तब रिक्तिकाओं से विषेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होने लगती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आष्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। शरद पूर्णिमा के दिन प्रातः काल स्नानादि नित्य कर्मां से निवृत्त होकर अपने अराध्य कुल देवता की षोडषोपचार से पूजा अर्चना एवं भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय की पूजा करने का विधान है। एक पाटे पर जल से भरा लोटा और गेहूं से भरा एक गिलास रखकर उस पर रोली से स्वास्तिक बनाकर चावल और दक्षिणा चढ़ाएं। फिर टीका लगाकर हाथ में गेंहू के 13 दाने लेकर कथा सुनी जाती है। उसके पष्चात गेहूं भरे गिलास और रूपया कथा कहने वाली स्त्रियों को पैर छूकर दिये जाते हैं। लोटे के जल और गेहूं का रात को रात को चंद्रमा को अर्ध्य देना चाहिये। इसके बाद ही भोजन करना चाहिये। रात्रि में जागरण करके भजन कीर्तन करने का भी विधान है। शरद पूर्णिमा के दिन महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाने की भी परंपरा है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना की और उनके द्वारा रचित रामायण वाल्मीकि रामायण कहलायी। वाल्मीकि को पहले रत्नाकर कहा जाता था। इनका जन्म पवित्र ब्राहमणकुल में हुआ था लेकिन डाकुओं के संसर्ग में रहने के कारण ये लूटपाट और हत्याएं करने लग गये थे। यही उनकी आजीविका का साधन बन गया था। इन्हें जो भी मार्ग में मिलता उसकी सम्पत्ति लूट लिया करते थे। एक दिन इनकी मुलाकात देवर्षि नारद से हुई। इन्होंने नारद जी से कहा तुम्हारे पास जो कुछ है उसे निकालकर रख दो। नहीं तो जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। देवर्षि नारद ने कहा ,“ मेरे पास इस वीणा और वस्ध्त्र के अतिरिक्त है ही क्या? तुम लेना चाहो तो इन्हें ले सकते हो , लेकिन तुम यह क्रूर कर्म करके भयंकर पाप क्यों करते हो ? देवर्षि की कोमल वाणी सुनकर वाल्मीकि का कठोर हृदय कुछ द्रवित हुआ । इन्होंने कहा– भगवान! मेरी आजीविका का साधन यही है। इसके द्वारा मैं अपने परिवार का भरण –पोषण करता हूं। ” देवर्षि बोले – ”तुम जाकर पहले परिवार वालों से पूछ आओ कि वे तुम्हारे द्वारा केवल भरण –पोषण के अधिकारी हैं या तुम्हारे पाप कर्मों में भी हिस्सा बटायंगे। तुम विश्वास करो कि तुम्हारे लौटने तक हम कहीं नहीं जायेंगे। इतने पर भी यदि तुम्हें विष्वास न हो तो मुझे इस पेड़ से बांध दो।“ देवर्षि को पेड़ से बांधकर रत्नाकर अपने घर गये और परिजनों से पूछा कि तुम लोग मेरे पापों में भी हिस्सा लोगे या मुझसे केवल भरण पोषण ही चाहते हो। सभी ने एक स्वर में कहा, हम तुम्हारे पापों के हिस्सेदार नहीं बनेंगे। तुम धन कैसे लाते हो यह तुम्हारे सोचने का विषय है। अपने परिजनों की बात को सुनकर वाल्मीकि के हृदय में आघात लगा। उनके ज्ञान नेत्र खुल गये। उन्होंने जल्दी से जंगल में जाकर देवर्षि के बंधन खोले और विलाप करते हुए उनके चरणों में गिर पड़े। उन्हें बहुत पश्चाताप हुआ। नारद जी ने उन्हें धैर्य बंधाया और राम नाम के जप का उपदेश दिया, किंतु पूर्व में किये गये भयंकर पापों के कारण उनसे राम नाम का उच्चारण नहीं हो पाया। तब नारद जी ने उनसे मरा –मरा जपने के लिये कहा। बार–बार मरा –मरा कहने के कारण वह राम का उच्चारण करने लग गये । नारद जी का उपदेश प्राप्त करके वाल्मीकि राम नाम जप में निमग्न हो गये। हजारों वर्षों तक नाम जप की प्रबल निष्ठा ने उनके सभी पापों को धो दिया। उनके शरीर पर दीमकों ने अपनी बांबी बना दी। दीमकों के घर को वाल्मीक कहते हैं उसमें रहने के कारण ही इनका नाम वाल्मीकि पड़ा। ये विश्व में लौकिक छंदों के आदि कवि हुए। वनवास के समय भगवान श्रीराम ने इन्हें दर्षन देकर कृतार्थ किया। इन्हीं के आश्रम में ही लव और कुश का जन्म हुआ था। वाल्मीकि जी ने उन्हें रामायण का गान सिखाया। इस प्रकार नाम जप और सत्संग के प्रभाव के कारण तथा अत्यंत कठोर तप से वाल्मीकि डाकू से महर्षि हो गये। वाल्मीकि रामायाण से पता चलता है कि उन्हें ज्योतिष विद्या का भी अच्छा ज्ञान प्राप्त था। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य रामायण में अनेक घटनाओं के समय सूर्य चंद्र तथा अन्य नक्षत्र की स्थितियों का वर्णन किया है। वाल्मीकि जी को भगवान श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था। रामचरितमानस के अनुसार जब श्रीराम वाल्मीकि जी के आश्रम गये तो वे आदिकवि के चरणों में दंडवत हो गये और कहा कि ,“तुम त्रिकालदर्षी मुनिनाथा बिस्व बदर जिमि तुमरे हाथा।“ अर्थात आप तीनों लोको को जानने वाले स्वयं प्रभु हैं। ये संसार आपके हाथ में एक बेर के समान प्रतीत होता है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य रामायण के माध्यम से हर किसी को सदमार्ग पर चलने की षिक्षा दी है। रामायण में प्रेम, त्याग, तप व यश की भावनाओं को महत्व दिया गया है। महर्षि वाल्मीकि जी का कहना है कि किसी भी मनुष्य की इच्छाशक्ति अगर उसके साथ हो तो वह कोई भी काम बड़ी आसानी से कर सकता है। इच्छाशक्ति और दृढ़संकल्प मनुष्य को रंक से राजा बना देती है। जीवन में सदैव सुख ही मिले यह दुर्लभ है। उनका कहना है कि दुख और विपदा जीवन के दो ऐसे मेहमान हैं जो बिना निमंत्रण के ही आते हैं। माता पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं है। इस संसार में दुर्लभ कुछ भी नहीं है अगर उत्साह का साथ न छोड़ा जाये। अहंकार मनुष्य का बहुत बडा शत्रु है वह सोने के हार को भी मिटटी बना देता है।

# जाति जनगणना लागू करो नही तो कुर्सी खाली करो : सरदार सेना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले में सरदार सेना द्वारा जातीय जनगणना एवं शोषितों,वंचितों के सम्पूर्ण अधिकार को समर्पित जनहित संकल्प यात्रा मड़ियाहूं विधान सभा के सिहोरीबीर स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर प्रांगण से निकाला गया। जिसे सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आर. एस. पटेल,पूर्व सांसद रमाकान्त यादव,पूर्व सासंद तूफानी सरोज,अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल जी सहित अन्य मुख्य अतिथियों द्वारा जनहित संकल्प यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाकार यात्रा का शुभारंभ किया गया ।जिसका नेतृत्व सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने किया। सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों को आह्वाहन करते हुए कहा कि जनहित संकल्प यात्रा 20 जनपदों से होकर 27 अक्टूबर को वाराणसी पहुंचेगी। बताते चले कि भाजपा ने 2014 की अपनी घोषणा पत्र में लिखा था कि हम जातीय जनगणना करायेंगे लेकिन 7 साल बीत जाने के बाद हाल ही में मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम एससी, एसटी की गणना तो करायेंगे लेकिन अन्य किसी वर्गों की गणना नहीं करवायेंगे जिसको लेकर देश भर के तमाम सामाजिक और राजनैतिक लोग सरकार से सवाल कर रहे हैं। इसी बीच जातीय जनगणना को लेकर पूरे देश में सरदार सेना ने एक मुहिम छेड़ दी है एवं उत्तर प्रदेश के तमाम सामाजिक संगठनों को एकजुट कर जातीय जनगणना कराने हेतु सड़क मार्च शुरू कर दिया है। जिसमें सरदार सेना द्वारा सरकार से 5 सूत्रीय मांग हैः–1. जातीय जनगणना कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि प्रदेशवार वार्गिक गणना स्पष्ट हो सके। 2. आरक्षण व्यवस्था को पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के हित में विधान सभा, विधान परिषद व लोक सभा एवं राज्य सभा के निर्वाचन पर लागू किया जाय ताकि इन सबकी समुचित भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। 3. पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के आरक्षण में हुई अनियमितता को बैकलॉग के द्वारा भर्ती कर दूर किया जाय ताकि वंचितों को उनका सम्पूर्ण संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके। 4. पुरानी पेंशन नीति को लागू करते हुये एक समान शिक्षा नीति का नियम बनाया जाय ताकि अगड़ों व पिछड़ों का भेद




मिटाकर एक समता मूलक समाज की स्थापना की जा सके। 5. समस्त राजनैतिक पार्टियों के घोषणा पत्रों को संवैधानिक प्रक्रिया के दायरे में लाया जाय ताकि मतदाताओं के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर पूर्ण विराम लगाया जा सके ।इसी बाबत आज से जातीय जनगणना से संबंधित जनहित संकल्प यात्रा का शुभारंभ हजारों लोगों के बीच से जौनपुर के मड़ियाहूं से हरी झंडी दिखाकर 20 जनपदों हेतु रवाना किया गया तथा एक बजे जौनपुर मुख्यालय पहुंचकर प्रेस वार्ता का किया गया तत्पश्चात दो बजे यात्रा आजमगढ़ जनपद पहुंचते ही हजारों सरदारवादियों ने सरदार सेना प्रमुख सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए यात्रा आगे की ओर रवाना हुआ ।प्रेसवार्ता के माध्यम से सरकार को चेतावनी देते हुए सरदार सेना प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी भाषणों में जातीय जनगणना हेतु तुल दिया था परन्तु आज जब सत्ता में है तो जातीय जनगणना को नकारा जा रहा है। किन्तु सरदार सेना द्वारा अब बिगुल फूंक दिया गया है जातीय जनगणना नहीं तो जनगणना नहीं ।उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि पूरे देश में जातीगत जनगणना कराया जाय ताकि सभी वर्गों को उसके जनसंख्या के आधार पर भागीदार सुनिश्चित किया जा सके। सभी लोगों ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि जातीय जनगणना पर आधारित जनहित संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा तथा सरकार को सोचने पर विवश होना पड़ेगा ।बताते चले कि जौनपुर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में इतना मजबुर रहा कि प्रशासन के पसीने छुट गये इस अवसर पर सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष छोटे लाल मौर्य,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो०शिवराम सिंह चौहान,राष्ट्रीय सचिव आर सी पटेल,सुधीर पटेल,राष्ट्रीय सचिव (बौद्धिक मंच)श्री राम वर्मा,संगठन मत्री सुरेश वर्मा,प्रदेश महासचिव अशोक पटेल,लाल प्रताप यादव,डां रमाशंकर पटेल,अर्जून सिंह,आर के पटेल,अमन वर्मा,डां विनय कुमार,बलिकरन सरोज,विजय पाल,हृदय गौड़,धीरज यादव,अवधेश चौहान,पंकज मौर्य,चन्दन मौर्य,उमेश कुमार,देवेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र कुमार,धर्मेन्द्र पटेल,महेन्द्र प्रताप मौर्य,लालजी पटेल,सुनील पटेल,अनील पटेल,दीपक कश्यप,अजय पटेल,आंसू यादव,बबलू चौहान,अरून यादव,मुन्ना सिंह चौहान,त्रिभुवन पटेल,रविशंकर यदुवंशी,राजेश पटेल,तारिक अन्सारी,उदय भान गौतम,जंग बहादुर,राजेन्द्र प्रसाद,श्याम सुन्दर,हीरा गौतम,विनोद यादव,मुन्ना लाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों द्वारा मोबाइल छीनने व पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में आरोपियों पर लटकी कार्यवाही की तलवार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी । पत्रकारों के साथ अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर सोमवार को पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों पत्रकार वाराणसी जिला मुख्यालय पहुंचकर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ज्वाइंट कमिश्नर अपराध एवं मुख्यालय सुभाष चंद दुबे से मुलाकात कर उन्हें पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जेसीपी श्री दूबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी काशी अमित कुमार को 24 घंटे के अंदर जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। इतन ही नहीं जेसीपी श्री दूबे ने डीसीपी काशी को यह भी निर्देशित किया कि तत्कालीन बीएचयू चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय द्वारा पीडिघ्त महिला कल्पना मिश्रा की मोबाइल जबरन लेने व उससे हजारों रुपया नकदी वसूलने के मामले को भी जांच में शामिल कर आरोपी दरोगा के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए मोबाइल भी वापस दिलाने का निर्देश दिया। बता दें कि 25 जुलाई को तत्कालीन बीएचयू चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने एक मामूली दुर्घटना होने के मामले में पीडिघ्ता कल्पना मिश्रा के पति शिवकुमार मिश्रा से 12 हजार यह कहते हुए लिया था कि जिसको तुम्हारी बाइक से चोट लगी है उसको इलाज कराने के लिए देना है। शिवकुमार मिश्रा ने तत्कालीन चौकी प्रभारी के डराने धमकाने के कारण 12 हजार रुपया उन्हें दे दिया। उक्त रुपया लेने के बाद चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय पीडिघ्त शिव कुमार से अपने लिए भी रुपयों की मांग करने लगे। पैसा देने से इनकार करने पर राजकुमार पाण्डेय फर्जी मुकदमें में फसाने व एनकाउंटर करने की बात कहकर डराने धमकाने लगे। रुपया न देने पर तत्कालीन चौकी प्रभारी बीएचयू राजकुमार पाण्डेय ने शिवकुमार मिश्रा की नई मोबाइल जबरदस्ती छीन लिया। फोन मांगने पर वे हमेशा पैसे की डिमांड करने लगे और फिर इधर–उधर की बात कहकर मामले को टालते रहे। इसी प्रकरण को लेकर पीडिघ्त शिवकुमार मिश्रा व उनकी पत्नी कल्पना मिश्रा पत्रकार अभुलेन्द्र नारायण दूबे व पत्रकार विजय शंकर विद्रोही के साथ बिते 16 अक्टूबर को लंका थाने पर पहुंचकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी। विभागीय मामला देखते हुए लंका थाने पर तैनात पुलिसकर्मी द्वारा दोनों पत्रकारों से बेवजह दुर्व्यवहार किया



जाने लगा। इस मामले को लेकर जब कार्यवाहक एसएचओ लंका महातम यादव से बात कर शिकायत की गई, तो उन्होंने उक्त पुलिसकर्मी के तरफ से माफी मांगते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों को बचाने का प्रयास करने लगे। इसी मामले को लेकर सोमवार को पत्रकारों ने पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जेसीपी सुभाष चंद दुबे से मुलाकात कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जेसीपी सुभाष चंद दुबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामले की जांच डीसीपी काशी अमित कुमार को सौंपा और पत्रकारों से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई करने व तत्कालीन बीएचयू चौकी प्रभारी के खिलाफ जांच कर 24 घंटे में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष व परफेक्ट मिशन के संपादक घनश्याम पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय व सोनू सिंह, प्रदेश संरक्षक व परफेक्ट मिशन के प्रधान संपादक मनीष दीक्षित, पीपीसी के प्रदेश संरक्षक अभुलेन्द्र नारायण दूबे, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री मदनमोहन शर्मा, प्रदेश सचिव विजय शंकर विद्रोही, प्रदेश सह संगठनमंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश सलाहकार सचिव बृजेश ओझा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनय कुमार पांडेय, पूर्वांचल अध्यक्ष पवन त्रिपाठी, मंडल संरक्षक पप्पू मिश्रा, मंडल अध्यक्ष आफताब आलम, मंडल सचिव संतोष दूबे, जिला संयोजक पंकज चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष वाराणसी पवन पांडेय, जिलाध्यक्ष मऊ राजेश कुमार दूबे, जिला उपाध्यक्ष नवीन प्रधान, वाराणसी जिला सूचना एवं प्रसारण मंत्री लवकेश पांडेय, जिलासचिव आनन्द तिवारी, प्रवीण चौबे व रामबाबू जिला संगठन मंत्री कृष्णा सिंह, जिला सह–संगठन मंत्री जमील अहमद, जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, नवीन द्विवेदी, दिनेश कुमार यादव, कामाख्या पांडेय, अनन्त कुमार वर्मा, अशोक कुमार सिंह, महेश कुमार पांडेय, नितीश कुमार वर्मा, मुकेश उपाध्याय, अश्विनी कुमार दूबे, संतोष कुमार पाण्डेय, त्रिपुरारी यादव, भिष्म कुमार, दीलिप कुमार, विजय जायसवाल, भरतनिधि तिवारी, सुमंत कुमार दूबे, सुफियान अहमद, जिसान अहमद, संजय सिंह, रविकान्त, आकाश कुमार, राजेंद्र गुप्ता, पुष्कर कुमार दीक्षित, अभिषेक पांडेय, विनय कुमार सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, सुशांत उपाध्याय, विकाश श्रीवास्तव, अनुराग राय, आदर्श कुमार सहित सैकड़ों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# परिसर में ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि 19 से 26 अक्टूबर तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 2020–21 सम सेमेस्टर के विद्यार्थी जो कि ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं उनको सुविधा देने के लिए विश्वविद्यालय में तिथि बढ़ाई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री बीएन सिंह के अनुसार ऑनलाइन संस्थागत या भूतपूर्व विद्यार्थी जो परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं। उन्हें परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 19 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी और शुल्क रसीद विभाग में जमा करने की तिथि 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक है। विभाग द्वारा फार्म सत्यापन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2021 तक किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम अवसर है इसके बाद किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

# डॉ संजय श्रीवास्तव भारत भूषण सम्मान से सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ संजय श्रीवास्तव निवासी इंद्रा नगर खरका कॉलोनी को आज मध्य प्रदेश के भोपाल में चिकित्सा एवं शोध के क्षेत्र में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आज 17 अक्टूबर को डॉ संजय श्रीवास्तव को भारत भूषण सम्मान प्रदान किया गया ।उनके



इस सम्मान मिलते ही जौनपुर में हर्ष की लहर दौड़ कर। इसके पूर्व भी डॉ संजय श्रीवास्तव को इंटरनेशनल हेल्थ एक्ससलेंस अवार्ड ,राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवार्ड, राष्ट्रीय रिसर्च एक्ससलेंस अवार्ड, सहित अन्य कई अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ संजय डीएनए वैज्ञानिक डॉ लालजी सिंह जी के साथ सहयोगी वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर चुके हैं और उनका एक हॉस्पिटल भी बाजिदपुर तिराहा पर है। डॉ संजय श्रीवास्तव के भारत भूषण सम्मान से सम्मानित होने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रशेन श्रीवास्तव मुन्ना जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु प्रदेश सचिव कर्मचारी नेता कलेक्ट्रेट राकेश श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, अमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, सुलभ श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव आशुतोष श्रीवास्तव रविंद्र श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव राजीव कुमार श्रीवास्तव पंकज सिन्हा, नीरज श्रीवास्तव, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, खुशबू श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव इंदु श्रीवास्तव आदि लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया और कहाँ की संजय श्रीवास्तव ने जौनपुर का नाम रोशन किया है।

# नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थानागद्दी का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह द्वारा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थानागद्दी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अद्वेत प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट सभाजीत, नर्स गीता यादव, सौरभ पाल और कुन्दन सिंह उपस्थित थे। वार्ड बॉय दिलीप तिवारी अनुपस्थित थे जबकि उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बना हुआ था। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अनुपस्थित से स्पस्टीकरण मांगते हुए एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा साफ–सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हए स्वीपर को ठीक प्रकार से कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## थाना शाहगंज पुलिस ने गर्भवती महिला से मारपीट करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 217/2021 धारा 323/504/506/316 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रिन्स तिवारी



पुत्र राजीव तिवारी निवासी सुरीस थाना शाहगंज जौनपुर को दिनांक 19/10/2021 रोड़वेज शाहगंज से करीब 10.15 बजे थाना शाहगंज की पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्तः– 1. प्रिन्स तिवारी पुत्र राजीव तिवारी निवासी सुरीस थाना शाहगंज जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. उ0नि0 श्री इसरार अहमद खान। 2. का0 बृजेश मिश्रा थाना शाहगंज जौनपुर। 3. का0 विश्वास पाण्डे थाना शाहगंज जौनपुर।

# थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.10.2021 को थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मु0नं0 446/2020 धारा 323/504 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर से संबंधित



अभियुक्त अगनू पुत्र रामसिंगार निवासी दीपाईपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1. अगनू पुत्र रामसिंगार निवासी दीपाईपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 श्री वीरेन्द्र बहादूर सिंह थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 अमित यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.का0 अनुपम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# गोसाईगंज विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू समेत तीन को पांच साल की सजा

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के गोशाईगंज विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी समेत तीन लोगो को फर्जी मार्क्सशीट के आधार पर अगली कक्षा में प्रवेश लेने के करीब 29 साल आठ माह बाद पुराने एक मामले में पांच–पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है ।सूत्र के मुताबिक प्रत्येक लोगों पर 13–13 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है ।फैसला अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट पूजा सिंह की अदालत से सोमवार को हुआ। विधायक के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय जाने की बात कही है ।सूत्र के मुताबिक अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अरुण प्रकाश तिवारी ने बताया की घटना 1992 की है। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर यदुवंश राम त्रिपाठी ने 18 फरवरी 1992 को इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू, फूलचंद यादव और कृपा निधान तिवारी के खिलाफ फर्जी मार्क्सशीट के आधार पर अगली कक्षा में प्रवेश लेने की एफआईआर रामजन्मभूमि थाने में लिखाई थी ।इस मामले में विवेचना के बाद विवेचक ने सभी लोगों के खिलाफ 419, 420 समेत आईपीसी की अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। निचली अदालत ने वर्ष 2018 में मामले को विचारण के लिए सेशन के सुपुर्द किया। इतने लंबे अंतराल के दौरान वादी प्रोफेसर यदुवंश राम त्रिपाठी की मौत हो गई। इसके अलावा मामले में अन्य गवाह भी मर गए ।तब मामले में दूसरे गवाह प्रस्तुत किए गए। जिन्होंने घटना का समर्थन किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दोषी पाते हुए सोमवार को पांच–पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 13–13 हजार रुपये जुर्माना भी किया है। सुनवाई के समय तीनों कोर्ट में मौजूद थे। सजा भुगतने के लिए कोर्ट ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया ।वही साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर यदुवंश राम त्रिपाठी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप था कि इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू (वर्तमान में गोसाईगंज से भाजपा विधायक) ने 1990 में बीएससी प्रथम वर्ष की मार्कशीट में कूट रचना करके बीएससी द्वितीय वर्ष में प्रवेश लिया। फूलचंद यादव (पूर्व अध्यक्ष साकेत महाविद्यालय) ने 1986 में बीएससी प्रथम वर्ष की मार्कशीट में कूटरचना करके बीएससी द्वितीय



वर्ष में प्रवेश लिया। वहीं कृपा निधान तिवारी (संरक्षक चाणक्य परिषद) ने 1989 में बीए तृतीय वर्ष की मार्कशीट में कूट रचना करके एलएलबी में प्रवेश लिया था ।बाहुबली विधायक एवं ब्राह्मण नेता के रूप में प्रदेश भर में खब्बू की पहचान है। अपर जिला जज तृतीय पूजा सिंह ने 420, 468 471 धारा के तहत 5 वर्ष की सजा सुनाई है। इन्द्रप्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी सपा व बसपा से भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं ।इस संबंध में विधायक के अधिवक्ता पवन तिवारी ने बताया कि अब वह उच्च न्यायालय की शरण लेंगे ।उन्होंने बताया कि 1992 में छात्र संघ साकेत महाविद्यालय के महामंत्री के दौरान तत्कालीन प्रधानाचार्य के द्वारा नकल अध्यादेश के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसको लेकर 30 साल बाद आज सुनवाई के दौरान सजा सुनाई गई है। मामले की चार्जशीट 13 साल बाद अदालत भेजी गई थी। अदालत में मुकदमे की पत्रावली से कई मूल दस्तावेज भी गायब हो गए ।अदालत में सभी दस्तावेजों की द्वितीय प्रतियां तैयार कराकर सुनवाई आगे बढ़ाई गई। वादी यदुवंशराम त्रिपाठी की मृत्यु भी केस परीक्षण के दौरान हो गई। साकेत महाविद्यालय के तत्कालीन अधिष्ठाता महेंद्र कुमार अग्रवाल, गोपनीय कार्यालय के रामबहादुर सिंह व अन्य गवाहों ने अदालत में गवाही दी ।वही सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरुण प्रकाश त्रिपाठी ने अभियुक्तों को कड़ी से कड़ी सजा देने की दलीलें दीं। अदालत ने तीनों अभियुक्तों को कूटरचना के आरोप में पांच साल की जेल व आठ–आठ हजार रुपये जुर्माना तथा धोखाधड़ी के मामले में तीन–तीन साल की जेल व छह–छह हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। सोमवार की शाम सुनाए गए फैसले के समय विधायक व अन्य अभियुक्त कोर्ट में मौजूद रहे।

# थाना नेवढ़िया पुलिस ने गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिराकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नेवढ़िया कमलेश कुमार मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 130/21 धारा 323/504/308 भादवि थाना नेवढिया जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनिल सोनकर पुत्र लल्ला प्रसाद सोनकर निवासी जगईपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष को दिनांक 18.10.2021 की शाम मनापुर इटाये के पास बहदग्राम मनापुर ईटाये से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. अनिल सोनकर पुत्र लल्ला प्रसाद सोनकर निवासी जगईपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर ।




गिरफ्तारी करने वाली टीम – 1. थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना नेवढिया जौनपुर। 2. हे0का0 जयप्रकाश सिंह थाना नेवढिया जौनपुर। 3. हे0का0 अखिलेश यादव थाना नेवढिया जौनपुर। 4. का0 कमलेश यादव थाना नेवढिया जौनपुर। 5. का0 आशुतोष थाना नेवढिया जौनपुर।

## अटल जी के मानस पुत्र से देश की उपासना से हुई बातचीत का अंश

लखनऊ ( आर एल पाण्डेय ) : प्रश्न – आपको अटल बिहारी वाजपेई जी के मंदिर बनवाने की कहां से प्रेरणा मिली ?

उत्तर – अटल शब्द ब्रह्म का स्वरूप है मै अटल जी का मानस पुत्र हूं तो अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम मंदिर के नाम से जाना जाएगा जिसमें अटल जी का नाम भी है और अटल एक ब्रह्म का स्वरूप भी है।

प्रश्न – इस मंदिर के निर्माण के पीछे क्या उद्देश्य है ?

उत्तर – भारतवर्ष मे जातिवाद, वंशवाद द्वारा प्रतिभाये समाप्त की जा रही हैं उन प्रतिभाओं की रक्षा के लिए तथा प्रतिभाओं के द्वारा इसका शिलान्यास किया जाएगा विशेषकर जैसे भगवान राम ने नर और वानर ने मिलकर बंधुत्व का सेतु बांधा ठीक उसी प्रकार से नर और नारियों में जो प्रतिभाएं हैं एवं जो किन्नर देवता के रूप में इस कलयुग में रूप लिए आए हैं उन सभी के द्वारा शिलान्यास किया जाएगा. इस मंदिर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जिसने भगवान राम बचपन में खेले हैं उन प्रभु राम अयोध्या की चरण धूलि इस मंदिर में पड़ेगी शिलान्यास में और सेतबंध रामेश्वरम का रुद्राभिषेक का जल भी पड़ेगा ।प्रश्न इस मंदिर में किसकी मूर्ति रखी जाएगी इस मंदिर में भारत का संविधान एवं श्रीमद्भगवद्गीता की पूजा होगी भारत का संविधान शासन की लोकात्मा है । श्रीमद्भगवद्गीता कर्म योग एवं राष्ट्र राष्ट्र धर्म की शंख ध्वनि करता है जिसने भारत की परिभाषा दी गई है इस मंदिर में भारत के मनीषियों ने जो भारत का संविधान 392 विद्वानों ने लिखा उनका नाम पड़ेगा एवं 10 देशों के नाम अमेरिका जापान कनाडा आयरलैंड रूस फ्रांस जर्मनी यूएसए आदि भारतवर्ष के संविधान को साकार रूप देने में सहयोग किया उन सभी देशों के भी नाम इस मंदिर में पड़ेंगे इसके हर पत्थर पर राम और बंधुत्व लिखा होगा।

प्रश्न – क्या यह मंदिर राजनीति के रूप में बनेगा ?

उत्तर – नहीं, इस मंदिर का नाम अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम है सेतबंध रामेश्वरम के निर्माण में नर वानर गिलहरी भालू आदि ने मिलकर सेतबंध रामेश्वरम की स्थापना की ठीक उसी प्रकार से इस मंदिर का शिलान्यास और निर्माण होगा भारतवर्ष के प्रत्येक प्रतिभाओं के द्वारा इसका शिलान्यास हेगा। भगवान राम को न कोई स्थापित कर सकता है न मिटा सकता है राम तो कण–कण में है राम तो एक क्षण क्षण में रामसत्ता का विषय नहीं राम संप्रभुता है ए मंदिर उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक अर्थात श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक किसी भी भारतीय



के साथ भेदभाव नहीं करने देगा जातिवाद विश्वास संप्रदाय वाद मुक्त होगा बंधुत्वेश्वरम मंदिरक्या किन्नर समाज मुख्यधारा में आने के लिए आपके साथ है उत्तर जी हां भारतवर्ष के किन्नर इस मंदिर का शिलान्यास करेंगे जिसके हर पत्थर पर राम और बंधुत्व लिखा होगा संपूर्ण विश्व में किन्नर बहिष्कृत है तिरस्कृत है समाज से वंचित हैं तो भारत इस मंदिर के निर्माण से विश्व गुरु के रूप में उजागर हो जाएगा क्योंकि संपूर्ण विश्व में किन्नरों शिलान्यास विश्व का पहला मंदिर होगा जिससे अन्य देशों के किन्नर भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे और प्रतिभा संपन्न लोग आगे बढ़ सकेंगे।

## नवरात्र समाप्त होने के बाद संपन्न हुआ विशाल भंडारा

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) विगत एक दशक से खौपुर गांव में शारदीय नवरात्रि के बाद भंडारे का आयोजन सामूहिक रूप से किया जाता है इस सिलसिले में गांव की महिला और पुरुष के अलावा तमाम संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा माता जी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है कार्यक्रम के आयोजक पंडित नागेश्वर नाथ तिवारी ने बताया कि गांव की महिलाएं और गांव के बच्चों के सहयोग से हलवाई का काम नहीं लगता है गांव की महिलाएं सता पूरी सब्जी हलुआ आदि कई खाद्य सामग्रियां बनाती हैं तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद का ग्रहण करते हैं और मां भगवती से अपनी मनौती मांगते हैं द्य पंडित नागेश्वर नाथ तिवारी ने बताया कि इस स्थान पर जो अपनी मनौती मांगता है भगवान उसकी मनौती को अवश्य पूरा करते हैं आयोजक के अलावा क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि धनंजय सिंह उर्फ गुड्डू शिवाकांत दुबे कृष्णानंद विनोद तिवारी राहुल तिवारी संदीप तिवारी सतगुरु शरण तिवारी गीता ज्ञान मति सीतापति गिरजा तिवारी साक्षी तिवारी सृष्टि तिवारी पूर्णिमा तिवारी सौरभ तिवारी वत्सल तिवारी शीलू तिवारी आदि कार्यक्रम के आयोजक और कार्यकर्ता हैं जिनके कारण इतना बड़ा भंडारा संपन्न हो सका।

## क्षेत्र में भारी वर्षा के बाद नजर आ रहा है जलभराव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के रुदौली और सोमवार को क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के बाद किसानों के चेहरे पर खुशियां स्पष्ट रूप से झलक रही है। वर्षा होने से धान जो खडा है,गन्ना सहित अन्य फसलों को फायदा पहुंचा है।काटी गई धान की फसल व कटने के लिये तैयार धान की फसल को नुकसान पहुंचा है।अनुभवी किसानों का कहना है कि वर्षा होने से जिन फसलों को पानी की आवश्यकता थी वह पूरी हो गई है। वर्षा होने के बाद जगह जगह जलभराव नजर आने लगा है।धान की फसल जो सूख रही थी उसे वर्षा का जल मिलने से फायदा पहुंचा है।वही क्षेत्र के अहमदाबाद गांव निवासी किसान रोशन लाल यादव का कहना है कि बार बार भारी वर्षा होने से फसलों को फायदा कम नुकसान अधिक हो रहा है।जो फसल धान काटने के लिए तैयार हो चुकी हैं भारी भारी वर्षा होने से फसलें सड़ने का डर बढ़ गया है।धान की जिस फसल में बालिया निकल रही है भारी वर्षा से उस धान की फसल को भारी नुकसान होने की उम्मीद है।रुदौली नगर के निवासी राहिल अंसारी का कहना है कि जलभराव भारी वर्षा के बाद जगह जगह नजर आ रहा है। भारी वर्षा होने के बाद नगर पालिका की व्यवस्था की पोल खुल गई है।नालियां टूटी होने के चलते वर्षा का पानी सड़क पर भर जाता है।जिससे नगर वासियों के साथ साथ राहगीरों को भीआवागमन में असुविधा झेलना पड़ता है।नालियों की मरम्मत पूर्ण रूप से कर दिया जाए तो वर्षा का पानी नाले के सहारे नगर क्षेत्र के बाहर चला जाएगा। जैसे ही रुदौली नगर में भारी वर्षा होती है वर्षा का पानी पक्के मकानों में भी भर जाता है। राहिल अंसारी आगे बताते हैं कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि नाली निर्माण एवं नाली नाला मरम्मत कार्यो पर ध्यान नहीं देते है।टूटी हुई नालियों के कारण वर्षा का पानी सड़क पर भरा नजर आ रहा है।ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जब जब भारी वर्षा होती है जलभराव के कारण किसानों की सैकड़ो हेक्टेयर फसलें नष्ट हो जाती है।कूढा सादात सहित आसपास के गांव में भारी वर्षा के बाद जलभराव के कारण कई वर्षों से फसलें नष्ट हो जाती है।इस वर्ष भी भारी वर्षा होने से किसानों की हजारों हेक्टेयर भूमि की फसलें जलभराव से नष्ट हो चुकी हैं।

## शिक्षा से ही होता है प्रतिभाओं का विकास– कुंवर अभिमन्यु सिंह

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) शिक्षा से ही बच्चों में प्रतिभा का विकास होता है।शिक्षित समाज से राष्ट्र का चहुंमुखी विकास संभव है।उक्त विचार खपराडीह स्टेट के कुंवर अभिमन्यु सिंह ने जाना बाजार बसंती का पूरा में मनतोरा देवी फाउंडेशन क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बीते दिवस मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हैदर गंज थाने के उप निरीक्षक टी के आजाद ने बालिका सुरक्षा संबंधी महिला हेल्पलाइन सहित अन्य सुरक्षा के उपायों परअपने विचार व्यक्त करते हुए संबोधित किया। कोविड–19 का पालन करते हुए आयोजित समारोह में अतिथियों का स्वागत क्लब के नीरज शर्मा ,रामजीत बर्मा, दलजीत वर्मा, कल्लू वर्मा ,शिवम शर्मा राकेश वर्मा ,उदल वर्माआदि सदस्यों ने फूल माला पहना कर किया। समारोह की अध्यक्षता ग्राम प्रधान किरन वर्मा व संचालन शेर बहादुर शेर ने किया। कक्षा में अच्छे अंक पाने वाली प्रतिभाएं कक्षा 12 की छात्रा महिमा वर्मा को आजाद हिंद फौज के लांस नायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामअचल वर्मा सम्मान पुरस्कार प्रमाण पत्र दिया गया। तो वही कक्षा 10 की छात्रा साक्षी को सहकारी दुग्ध उत्पादन समिति के चेयरमैन रहे स्वर्गीय सच्चिदानंद वर्मा सम्मान पुरस्कार, अभिषेक को स्वर्गीय ब्लाक प्रमुख रामनेवाज बर्मा सम्मान पुरस्कार ,अनुष्का को स्वर्गीय पूर्व प्रधान अमरावती सम्मान पुरस्कार ,मनीष वर्मा को स्वर्गीय ग्राम प्रधान बासुदेव बर्मा सम्मान पुरस्कार व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामचंद्र वर्मा ईश्वर दीन, सभा दिन बर्मा ,भास्कर तिवारी, गंगाराम निषाद, अशोक गुप्ता, सियाराम वर्मा, अर्जुन यादव जितेंद्र कुमार वर्मा आदि सहित कई दर्जन महिला पुरुष उपस्थित रहे। क्लब की संरक्षिका पूर्व प्रधान अनीता सेन सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा कार्यशाला में संयोजकों को दिए गए संगठनात्मक टिप्स

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा आईटी व सोशल मीडिया विभाग के संगठनात्मक रुप से गठित 4 जिलो की कार्यशाला में संयोजकों को सोमवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महानगर व जिला अयोध्या, बाराबंकी व अम्बेडकर नगर के संयोजक सम्मलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान एलईडी स्क्रीन पर संयोजकों को सोशल मीडिया की गहनता से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष शेषनारायन मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया वर्तमान में संचार का सबसे प्रबल माध्यम है। इसके माध्यम से हम बड़े जनसमूह के साथ अपने विचारों का आदान प्रदान आसानी से कर सकते है। सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग व्यक्ति व समूहों को वैचारिक रुप से प्रबल करता है। हमे लक्ष्य 2022 लेकर चलना है। इसमें एक बड़ी जिम्मेदारी संयोजकों के उपर है। प्रदेश आईटी संयोजक कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में विपक्ष गुमराह करने की राजनीति कर रहा है।उनके द्वारा फैलाई गई अफवाहों का जवाब सत्य के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है। इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सोशल मीडिया व आईटी सेल के संयोजकों पर है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों व पाटी नीतियों को विभिन्न सोशल साईट के माध्यम से आम जनता तक रोजाना पहुंचाने की जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वाहन करने के लिए आंकड़ों की वास्तविक जानकारी अतिआवश्यक है। सोशल मीडिया व आईटी सेल के संयोजक इसके लिए लगातार अध्ययन भी करते रहे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि विभिन्न मीडिया माध्यम, समाचार पत्र व पार्टी के कार्यक्रमों में पार्टी नेताओं के द्वारा दी गयी जानकारियां का गम्भीरता व लगन के साथ संयोजकों को अध्ययन करना चाहिए। जिससे वह वैचारिक रुप से और मजबूत होंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, प्रदेश आईटी सहसंयोजक अभिषेक तिवारी, सोशल मीडिया गौरव वाण्णेय, क्षेत्रीय आईटी संयोजक मानस मिश्रा, सोशल मीडिया संयोजक आयुष वाजपेयी, सहसंयोजक मनोज त्रिवेदी, आईटी सोशल मीडिया संयोजक लवकुश यादव, शैलेन्द्र कोरी, आकाश मणि त्रिपाठी, राम कुमार सिंह राजू, वारस त्रिपाठी, आदित्य पाण्डेय, सारश्वत मिश्रा मौजूद रहे।

## ट्रेन रोकने जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, कई नजरबंद रहे

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में विभिन्न मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन के लिए निकले किसानों ने अलग–अलग स्थानों पर विरोध–प्रदर्शन किया। किसानों के जत्थों को पुलिस ने घेरेबंदी कर स्टेशन तक नहीं जाने दिया। इस दौरान कुछ जगह पुलिस से किसानों की झड़प भी हुई। स्टेशनों पर भी पुलिस तैनात रही और रेल सेवाएं बाधित नहीं हुईं। चिनहट में देवां रोड पर और काकोरी, उतरेठिया, आलमनगर स्टेशन जाने से किसानों को रोका गया। किसानों ने विरोध–प्रदर्शन कर अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई किसान नेताओं को पुलिस ने घर पर भी नजर बंद रखा। किसानों ने अधिकारियों को सौंपे गए मांग पत्र में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने, किसानों से जुड़े तीनों कानून वापस लेने, किसानों के ऊपर लगे मुकदमे वापस लेने समेत कई मांगें उठाई हैं। आशियाना पुलिस ने साल्हे नगर स्थित किसान नेता अमर सिंह लोधी के कार्यालय पर किसान नेता को नजर कैद रखा। उतरेठिया रेलवे स्टेशन के बाहर हुई नारेबाजी। भारतीय किसान यूनियन कई कार्यकर्ता उतरेठिया रेलवे स्टेशन पर दिन में चक्का जाम करने पहुंचे तो उन्हें स्टेशन के बाहर रोक लिया गया। किसान नेताओं ने एडीसीपी कासिम आब्दी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनार यादव, मंडल उपाध्यक्ष राजेश सिंह मौजूद रहे। काकोरी : रायपुर गांव में रोके गए किसान। काकोरी रेलवे स्टेशन काकोरी की तरफ जा रहे किसानों को रायपुर गांव के पास पुलिस ने रोक दिया। किसानों के जत्थे ने प्रदेश संगठन मंत्री राजेश शुक्ला के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। माल : हिरासत में लिए गए किसान। माल की ओर से संडीला जा रहे किसानों को गहदों चौराहे पर पुलिस ने रोक लिया। किसान अड़े तो लोकतांत्रिक किसान यूनियन के नेताओं अतुल कुमार, अर्जुन सिंह व प्यारेलाल सहित कई अन्य किसानों को हिरासत में ले लिया। बाद में आगे न जाने की हिदायत देकर छोड़ दिया। स्टेशन पहुंचने से पहले ही किसानों को रोका। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पांडेय के नेतृत्व में किसान फैजुल्लागंज स्थित प्रदेश कार्यालय पर इकट्ठा हुए, जहां से पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन की ओर बढ़े, लेकिन स्टेशन पहुंचने से पहले ही सुरक्षाबलों ने किसानों को रोक लिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता कौशल किशोर सिंह, आरके शर्मा, श्याम जी, गीता श्रीवास्तव, विमला सोनी शामिल रहीं। रेल रोकने जा रहे संदीप पांडेय सहित किसान नेता गिरफ्तार। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी व गिरफ्तारी की मांग को लेकर रेल रोकने जा रहे मैग्सेसे पुरुस्कार विजेता संदीप पांडेय सहित कई किसानों को आलमनगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। हालांकि सभी पुलिस ने इको गार्डेन ले जाकर रिहा कर दिया। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में राजीव यादव, रवीन्द्र, रानी सिददीकी, रिजवाना, जनक दुलारी, अजय, आदिल खान, वीरेन्द्र गुप्ता आदि शामिल रहे।

## समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यो की समीक्षा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) मण्डलायुक्त एम पी अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में की गयी।जिसमें मण्डल के समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन–जिन विभागों के आकड़ों में त्रुटि है उनको प्राथमिकता पर सुधार किया जाय तथा जिलो में जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनका भौतिक सत्यापन समय से करवा लिया जाय। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष कार्य को पूर्ण कर लक्ष्य की प्राप्ति की जाय तथा कार्यो को पूर्ण करने में गुणवत्ता एवं समयबद्वता का विशेष ध्यान रखते हुये पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाय। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों के भुगतान लम्बित है तथा वसूली लक्ष्य के सापेक्ष नही की गयी है उनकी बैठक जिला स्तर पर अपनी अध्यक्षता में करते हुये मण्डल के लक्ष्यों में सुधार किया जाय। इसके साथ ही जहां बजट आवंटन की समस्या, पोर्टल डाटा फीडिंग की समस्या आदि आ रही है उनके निस्तारण के लिए सम्बधित विभागों के माध्यम से शासन को पत्र भेजा जाय और उसकी एक प्रति मण्डलायुक्त कार्यालय को भी प्रस्तुत की जाय। मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों का कार्य पूर्ण हो चुका है अथवा पूर्ण होने की स्थिति में है उनको शीघ्र पूर्ण करते हुये हस्तानान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा उसकी सूचना पोर्टल पर भी अपलोड किया जाय। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ संस्थानों, निर्माण कार्यो आदि का भी समय–समय पर औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री सड़क योजना, गड्ढामुक्त सड़क, पंचायत भवन का निर्माण, सेतु निगम के कार्य, किसान सम्मान निधि योजना, निराश्रित गौवंश का संरक्षण, टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग, चिकित्सकों एवं दवाईयों की उपलब्धता, एम्बुलेंस का संवालन, गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, बाल टीकाकरण, शौचालय निर्माण एवं जियो टैगिंग, आपरेशन कायाकल्प, हैंडपम्पों की बोरिंग एवं मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मण्डल स्तर पर बैठक आयोजित की जाय, जिसमें गन्ना क्रय, टोकन वितरण आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की जाय। उन्होंने बैठक में श्रम विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, छात्रवृत्ति के साथ साथ एनआरएलएम, मनरेगा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पूर्ति विभाग, पशु, चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य आदि विभागों की संचालित योजनाओं पर समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर बैठक में जिलाधिकारी अयोध्या अनुज कुमार झा के अतिरिक्त जिलाधिकारी बाराबंकी डा0 आदर्श सिंह, जिलाधिकारी सुल्तानपुर रवीश गुप्ता, जिलाधिकारी अमेठी अरूण कुमार, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर सैमुअल पाल सहित मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या अनीता यादव, मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी एकता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी डा0 अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर घनश्याम मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुल्तानपुर अतुल वत्स के अलावा मण्डलीय मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उपनिदेशकगण, सहायक निदेशक एवं मण्डलीय अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में संक्षिप्त विवरण संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा इस बैठक में उपनिदेशक संख्या मंजू अशोक व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बिहार के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी पहुंचे अयोध्या, किया दर्शन पूजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) बिहार के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी अयोध्या पहुँचे।अयोध्या आकर उन्होंने दर्शन पूजन पूजन किया।अयोध्या में सीतारमण कुंज भवन का शिलान्यास किया।मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी ने राम मंदिर की जो परिकल्पना की थी उस कल्पना को भी देखने आया था। बिहार अब बदल चुका है। देश के अग्रणी राज्यों में से एक बिहार राज्य है। बिहार में सड़क बिजली पानी व अन्य सुविधाएं आम जनता तक पहुंचाई जा रही है। एक एक गांव में विकास की किरण पहुंचाई जा रही है।बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों मिलकर देश को श्रेष्ठ बनाने में लगे हुए हैं। जो प्रभु श्रीराम के भक्तों पर गोली चलवाते थे अब वही राम की पूजा कर रहे हैं।उत्तर प्रदेश के विकास योजनाओं का अध्ययन करने अयोध्या सम्राट चौधरी ने कहा कि शौचालय निर्माण, स्कूल का कायाकल्प व सुविधाएं इन विकास कार्य को लेकर अध्ययन किया। उत्तर प्रदेश की विशेषता को लेकर बिहार जाएंगे।बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक हैं। बोली एक है।समझने वाले भी दोनों एक हैं।यूपी बिहार की मानसिकता भी एक है। दोनों राज्यों का सम्पूर्ण विकास हो रहा है।

## यश म्यूजिकल ट्रस्ट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) नगर के राजकीय प्रौद्योगिक संस्थान आई0टी0आई0 के विशाल सभागार में यश म्यूजिकल ट्रस्ट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष रत्ना सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराज मनीष दास उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का कुशल संचालन शहर के वरिष्ठ कवि एवं शायर रामानन्द सागर ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ से आए अयोध्या धाम के संरक्षक अनूप तोलानी जी और इनोवेशन फॉर चेंज संस्था की संरक्षिका कंचन तोलानी जी ने किया।सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया ,ततपश्चात मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष रत्ना सिंह का माल्यार्पण संस्था की अध्यक्ष संगीता आहूजा ने और विशिष्ट अतिथि महराज मनीष दास का माल्यार्पण संजय महिंद्रा ने करके उन्हें अंग वस्त्र,पुष्प गुच्छ,और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।संस्था द्वारा कार्यक्रम में आए कुछ विशेष व्यक्तित्व जनों और समाजसेवियों का सम्मान पटुका व स्मृति चिन्ह देकर किया गया।सम्मान समारोह के बाद गीत संगीत और नृत्य की त्रिवेणी बही। कार्यक्रम की शुरुआत यश म्यूजिकल ट्रस्ट के बच्चों द्वारा गणेश वंदना से हुई जिसको दर्शकों ने खूब सराहा।ततपश्चात वरुण कनौजिया का गायन साँसों की माला से हुआ ऑर्गन पर राजेश कुमार पांडे और नाल पर बाल गोपाल तथा कोरस में गगन और दिव्यांशु ने साथ दिया।फिर बच्चों ने देश भक्ती गीत वंदे मातरम गीत पर समूह नृत्य पेश करके दर्शकों से खूब तालियां बटोरी।उसके बाद छोटा बालक ने हनुमान चालीसा पर नृत्य करके लोगों को चकाचौंध कर दिया तालियां लगातार बजती रही।फिर एक समूह नृत्य राम जी स्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा।अंतिम प्रस्तुति प्रकृति यादव का लोक गायन रहा जिन्होंने कई भजन प्रस्तुत किया। संस्था के सदस्य सदस्यों सुर्मिष्ठा मित्रा, आशीष कौर, नीलम श्रीवास्तव, विनोद कुमार भारती ,रत्ना जयसवाल ,आकाश गुप्त, देव मित्रा द्वारा सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संजय महिंद्रा ,अनीता सिंह ,सवेरा संस्था के आचार्य शिवेंद्र, शैलेंद्र पांडे, राजेश चौबे, एस बी सागर, अजय मौर्य ,तुलसी ,संदीप मध्यान, संजय पांडे, कैलाश लखमानी आदि बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे। संस्था द्वारा कार्यक्रम के सभी बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान करके उन्हें सम्मानित किया गया।अंत मे संस्था के संस्थापक व अध्यक्षा संगीता आहूजा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनका अभिवादन किया।

## देवकाली हत्याकांड भाजपा शासनकाल के जंगलराज का जीता जागता उदाहरण – अखिलेश यादव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) नवरात्रि–दुर्गा पूजा व दशहरा जैसे चल रहे त्यौहारों जिस समय जनपद विशेष सुरक्षा घेरे में रहता है ऐसे समय नील गोदाम देवकाली में अपराधियों द्वारा स्वर्गीय मंजीत यादव की गोली मारकर निर्मम हत्या एवं उनके दो बच्चियों को गोली मारे जाने की घटना भाजपा शासनकाल के जंगलराज का जीता जागता उदाहरण है उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने के बाद कही।आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में स्वर्गीय मंजीत यादव के आवास पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधा कर हर संभव मदद वादा किया और कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार आपके हर दुख–दर्द में आपके साथ खड़ा हुआ है श्री यादव ने कहा हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी और कड़े से कड़ा दंड दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार को तत्काल 1.5 करोड़ का मुआवजा व सरकारी नौकरी देकर दोनों घायल बच्चियों का पढ़ाई का संपूर्ण खर्च सरकार वहन करे। उन्होंने कहा हत्याकांड की सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से उन्होंने बिना लाइसेंस के सत्तादल के राजनीतिक संरक्षण में नील गोदाम देवकाली में चल रहे हुक्काबार जिसके कारण ही उपरोक्त निर्मम हत्याकांड घटित हुआ को तुरंत बंद कराने की मांग की थी परंतु अभी तक अनाधिकृत हुक्काबार बंद नहीं हुआ है। प्रदेश सचिव सुनील पाठक ने जघन्य हत्याकांड पर कड़ा आक्रोश जताते हुए कहा भाजपा शासनकाल में कोई भी सुरक्षित नहीं है पूरे प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है और भाजपा के नेता अपनी तारीफ करने में ही व्यस्त हैं जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उपरोक्त घटना की रिपोर्ट बनाकर प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को भेज दी है और यदि हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही और पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं सरकारी नौकरी 15 दिन के अंदर नहीं दी जाती है और अनाधिकृत हुक्काबार तत्काल नहीं बंद किया जाता तो कांग्रेसजन पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने हेतु आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रतिनिधिमंडल में अब्दुल हकीम,रामनरेश मौर्य,बलवीर सिंह कोरी,राहुल मौर्य,रामचरित्र मौर्य,डॉअर्जुन यादव,राम निहाल मौर्य, शिवम यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विधायक रामचंद्र यादव ने पीएचसी नरौली का फीता काटकर किया शुभारंभ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) रूदौली भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव ने रूदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत पीएचसी नरौली का फीता काटकर शुभारंभ किया।पीएचसी का शुभारंभ होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए सुविधा मिलेगी।पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।स्वास्थ्य मेले में आये हुए मरीजों का इलाज भी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया गया व दवाइयां भी वितरित की गई।चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क इलाज किया जाता है कहा कि मेले में शुगर, ब्लड प्रेशर, कोरोना सहित अन्य सभी प्रकार की जांचें निशुल्क की जाती है और कोरोना का टीका भी लगाया जाता है।स्वास्थ्य मेले पहुंचे मरीजों हाल चाल पूंछते हुए विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि अब मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन तहसील क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को किया जाएगा जिमसे मरीजों की समस्त प्रकार की बीमारियों के निशुल्क इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।इस दौरान विधायक ने पीएचसी परिसर में पौध भी रोपित किया।उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेले के आयोजन से पिछड़े तथा सुदूर क्षेत्र लोगों को इलाज के लिए जिन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था उससे अब उन्हें निजात मिल सकेगी।इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल शर्मा,अश्वनी यादव, विपिन यादव, दिनेश यादव,रामजी यादव,हरिशंकर यादव सहित अन्य मेडिकल स्टाफ तमाम भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को राहत देने की तैयारी, बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का जल्द मिलेगा मुआवजा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) अतिवृष्टि व बाढ़ के चलते धान व गन्ना आदि फसलों के नुकसान का आकलन प्रदेश में तेजी से चल रहा है। दो लाख से अधिक किसानों की फसलों के नुकसान की प्रारंभिक रिपोर्ट आई है।फाइनल रिपोर्ट का इंतजार है। फाइनल रिपोर्ट आते ही मुआवजा वितरण शुरू करने की तैयारी है।रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फसल क्षतिपूर्ति आकलन की प्रगति की समीक्षा की। यहां करीब एक सप्ताह पूर्व तक जिलों से मिले फीडबैक को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। पता चला कि कृषि व राजस्व विभाग के सर्वे में अतिवृष्टि व बाढ़ के कारण करीब दो लाख से अधिक किसानों की फसलों के नुकसान की बात कही गई है। अंतिम रिपोर्ट में यह आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा पहुंचने का अनुमान है।इस बैठक में अधिकारियों ने बताया है कि बाढ़ और अतिवृष्टि से कृषि फसलों को हुए नुकसान का आकलन हो रहा है। बाढ़ से फसलों के नुकसान का सामना करने वाले किसानों में करीब 68 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर वितरित किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि एक भी पात्र किसान क्षतिपूर्ति से वंचित न रहे। हर तरह की कृषि उपज के नुकसान की भरपाई की जाएगी।

## दीपोत्सव 2021 तैयारी बैठक को लेकर हुई समीक्षा बैठक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में पंचम दीपोत्सव 2021 की तैयारी बैठक की समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने दिनांक 1 नवम्बर से 6 नवम्बर 2021 तक आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव की तैयारियों के सम्बंध में मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद स्तरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये अद्यतन प्रगति पर प्रतिदिन जानकारी लेते हुये कार्यो की मानीटरिंग की जाय। मण्डलायुक्त ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में 7.50 लाख दीपक जलाये जाने का प्रस्ताव है, जिसको और भव्य बनाने के लिए शासन स्तर पर लगभग 9 लाख दीप प्रज्जवलित करने पर विचार किया जा रहा है। दीपोत्सव की व्यवस्था माटी कला बोर्ड के माध्यम से करायी जा रही है इस कार्य की जिम्मेदारी डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विवि को सौपी गयी है। दीपक को जलाने हेतु अवध विवि के द्वारा अपने विश्वविद्यालय के तथा इंटर कालेज के 12 हजार वालन्टियर्स को लगाया गया है।मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दीपक जलाये जायेंगे।दीपोत्सव में मुख्य रूप से पर्यटन, संस्कृति, सूचना, राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, विकास, राजस्व, उद्यान, नगर निगम, विकास प्राधिकरण आदि विभागों के लगभग 27 प्रकार के दायित्व दिये गये है और कहा गया है कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ दीपोत्सव की तैयारी करें। सूचना विभाग द्वारा दीपोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं अन्य प्रचार साधनों द्वारा सजीव प्रसारण किया जायेगा।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।